➢ **<u>संघ की योजनाएं :—</u> सहकारिता आन्दोलन को आगे बढ़ाने एवं गतिशीलता प्रदान करने हेतु संघ द्वारा किये जाने वाले कार्यः—**

- सदस्य सहकारी शिक्षा योजना
- सहकारी प्रशिक्षण योजना
- प्रचार — प्रसार एवं प्रकाशन
- शोध एवं ग्रंथालय
- सम्मेलन

▸ **<u>सदस्य सहकारी शिक्षा योजना :—</u>**इस योजना के अंतर्गत दो योजानाएं कार्य कर रही है। प्रथम सामान्य सहकारी शिक्षा योजना एवं दूसरी आदिवासी सहकारी शिक्षा योजना, इन दोनों योजनाओं के अंतर्गत सहकारी संस्थाओं के सदस्यों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सहकारिता में शिक्षित करना है।

## सदस्य शिक्षा योजनान्तर्गत आयोजित सत्रों की वर्ष 2011—12 से वर्ष 2018—19 (31 मार्च 2019 की स्थिति में) संकलित जानकारी

| क्र. | वर्ष | सत्र का प्रकार | वर्ग का प्रकार | लक्ष्य | | पूर्ति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग संख्या | प्रशिक्षित संख्या | वर्ग संख्या | प्रशिक्षित संख्या |
| 12 | 2011—12 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 8 | 160 | 7 | 129 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 96 | 1920 | 79 | 1533 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 288 | 5760 | 270 | 4916 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 288 | 5760 | 261 | 5103 |
| योग | | | | **680** | **13600** | **617** | **11681** |
| 13 | 2012—13 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 5 | 100 | 2 | 30 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 60 | 1200 | 26 | 427 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 180 | 3600 | 96 | 2084 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 180 | 3600 | 103 | 2251 |
| योग | | | | **425** | **8500** | **227** | **4792** |
| 14 | 2013—14 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 8 | 160 | 3 | 45 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 96 | 1920 | 61 | 954 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 288 | 5760 | 257 | 4855 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 288 | 5760 | 250 | 4439 |
| योग | | | | **680** | **13600** | **571** | **10293** |
| 15 | | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 8 | 160 | 3 | 50 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2014–15 | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 96 | 1920 | 62 | 1106 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 288 | 5760 | 278 | 5116 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 288 | 5760 | 267 | 4793 |
| योग | | | | **680** | **13600** | **610** | **11065** |
| 16 | 2015–16 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 8 | 160 | 2 | 52 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 96 | 1920 | 32 | 579 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 288 | 5760 | 235 | 4577 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 288 | 5760 | 228 | 4227 |
| योग | | | | **680** | **13600** | **497** | **9435** |
| 17 | 2016–17 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 8 | 160 | 2 | 39 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 96 | 1920 | 37 | 757 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 288 | 5760 | 245 | 5108 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 288 | 5760 | 234 | 4810 |
| योग | | | | **680** | **13600** | **518** | **10714** |
| 18 | 2017–18 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 5 | 100 | 1 | 11 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 60 | 1200 | 13 | 217 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 180 | 3600 | 188 | 3631 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 180 | 3600 | 172 | 3327 |
| योग | | | | **425** | **8500** | **374** | **7186** |
| 19 | 2018–19 | समिति सेवक वर्ग | 5 दिवसीय | 5 | 100 | 1 | 15 |
| | | प्रबंधकारिणी कमेटी के सदस्य वर्ग | 3 दिवसीय | 60 | 1200 | 11 | 171 |
| | | सदस्य वर्ग | 2 दिवसीय | 180 | 3600 | 208 | 4060 |
| | | बैठक/महिला वर्ग | 1 दिवसीय | 180 | 3600 | 182 | 3634 |
| योग | | | | **425** | **8500** | **402** | **7880** |

- **सहकारी प्रशिक्षण योजना :–** संघ द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्रों बिलासपुर एवं रायपुर द्वारा अपने वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित एवं अल्पावधि दो प्रकार के सत्रों का आयोजन करता है। नियमित सत्र 16 सप्ताह का ''सहकारी प्रबंध में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम'' एवं अल्पावधि सत्र 1 दिवसीय से 14 दिवसीय तक का विभिन्न विषयों में आयोजन करता है।

## प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2011–12 से 2018–19 तक (31 मार्च 2019 की स्थिति में) संकलित जानकारी

| क्रमांक | वर्ष | सत्र का नाम | लक्ष्य | | पूर्ति | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सत्र संख्या | प्रशिक्षित संख्या | सत्र संख्या | प्रशिक्षित संख्या |
| 1 | 2011–12 | नियमित सत्र | 4 | 80 | 4 | 104 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 40 | 800 | 37 | 1163 |
| योग | | | **44** | **880** | **41** | **1267** |
| 1 | 2012—13 | नियमित सत्र | 4 | 100 | 4 | 71 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 50 | 1250 | 30 | 1087 |
| योग | | | **54** | **1350** | **34** | **1158** |
| 1 | 2013—14 | नियमित सत्र | 4 | 100 | 4 | 80 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 50 | 1250 | 23 | 725 |
| योग | | | **54** | **1350** | **27** | **805** |
| 1 | 2014—15 | नियमित सत्र | 4 | 120 | 3 | 61 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 40 | 1200 | 40 | 1050 |
| योग | | | **44** | **1320** | **43** | **1111** |
| 1 | 2015—16 | नियमित सत्र | 4 | 120 | 3 | 54 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 40 | 1200 | 45 | 1002 |
| योग | | | **44** | **1320** | **48** | **1056** |
| 1 | 2016—17 | नियमित सत्र | 4 | 120 | 3 | 53 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 40 | 1200 | 28 | 1082 |
| योग | | | **44** | **1320** | **31** | **1135** |
| 1 | 2017—18 | नियमित सत्र | 4 | 120 | 4 | 80 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 40 | 1200 | 19 | 1129 |
| योग | | | **44** | **1320** | **23** | **1209** |
| 1 | 2018—19 | नियमित सत्र | 4 | 120 | 4 | 96 |
| 2 | | अल्पावधि सत्र | 40 | 1200 | 13 | 577 |
| योग | | | **44** | **1320** | **17** | **673** |

- **<u>प्रचार —प्रसार एवं प्रकाशन :—</u>** नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारिता आन्दोलन के विकास हेतु संघ माह अगस्त 2003 से छत्तीसगढ़ सहकारी समाचार पाक्षिक का प्रकाशन कर रही है। जिसमे सहकारी समिति से जुड़े सदस्यों एवं आम कृषको के हित में राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रकाशन सहकारी समाचार पत्र के माध्यम से करके आम लोगों तक योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जाता है। छत्तीसगढ़ सहकारी समाचार पाक्षिक को प्रकाशन वर्ष के बाद से लगातार तीन वर्षो तक क्रमशः 2003, 2004, 2005 आल इंडिया बेस्ट को आपरेटिव्ह जर्नल एवार्ड मिला जिसमें भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया है एवं चौथे वर्ष 2006 में आल इंडिया लेबल पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें आंध्रप्रदेश के तात्कालीन मुख्यमंत्री श्री राजशेखर रेडडी द्वारा आवार्ड प्रदान किया गया। छ.ग. सहकारी समाचार

को अब 12 पृष्ठीय रंगीन एवं चिकनाई युक्त पेपर में प्रिंट किया जा रहा है जिसके लिए विभिन्न राज्यों से इसकी प्रशंसा हो रही है तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। प्रचार –प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के पाम्पलेट, फोल्डर एवं पोस्टर्स का भी प्रकाशन किया जाता है।

1. **<u>सहकारी समाचार का प्रकाशन :–</u>** संघ द्वारा प्रकाशित समाचार के माध्यम से सहकारी समिति से जुड़े सदस्यों एवं आम कृषको के हित में राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रकाशन सहकारी समाचार पत्र के माध्यम किया जा रहा है साथ ही सहकारी बैंको के वित्तीय पत्रको का प्रकाशन किया जाता है। उक्त सहकारी समाचार पाक्षिक को विगत वर्षो में आल इंडिया बेस्ट को आपरेटिव्ह जर्नल एवार्ड एवं आल इंडिया लेबल पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

2. **<u>राज्योत्सव में सहकारिता का प्रचार–प्रसार :–</u>**
छ.ग. राज्य के स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में सहकारिता विभाग का स्टाल लगाया जाता है। जिसमें संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष सहकारिता के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न विषयों पर फोल्डर एवं पाम्पलेट्स तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार का वितरण कर सहाकरिता का प्रचार–प्रसार किया जाता है।

3. **<u>विकास यात्रा में सहकारिता का प्रचार–प्रसार :–</u>**
छ.ग. शासन द्वारा छ.ग. में हुए विकास को जन–जन तक पहुचांने हेतु विकास यात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमें संघ द्वारा शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियों का फ्लेक्स, फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर तैयार कर तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय, कृषको, महिलाओं को जानकारी देकर सहकारिता का प्रचार–प्रसार किया गया।

4. **<u>सहकारी शक्कर कारखाना'' पंडरिया के भूमिपूजन एवं शिलान्यास :–</u>** वर्ष 2015 में प्रदेश की चौथी सहकारी शक्कर कारखाना ''लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना'' पंडरिया के भूमिपूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी, प्रदर्शनी स्थल में सहकारिता के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न विषयों पर फोल्डर एवं पाम्पलेट्स तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार का वितरण उपस्थित कृषक सदस्यों एवं कृषको को किया गया। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा किया गया।

5. **''विकास के तीन साल'' पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित प्रर्दशनीः—** विकास के तीन साल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बुढ़ातालाब रायपुर में दिनांक 10.06. 2017 को आयोजित प्रर्दशनी में सहकारिता विभाग एवं सहकारी संस्थाओं के सहयोग से स्टाल लगाकर पाम्पलेटस, ब्रोसर, सहकारी प्रशिक्षण सामाग्री आदि वितरित कर सहकारी योजनाओं/गतिविधियों से आमजनों को अवगत कराकर जानकारी प्रदान की गई। इस आयोजन में माननीय श्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा, माननीय डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य मंत्रीगण श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री, श्री अजय चन्द्राकर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, श्रीमती रमशीला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री, पूर्व कृषि मंत्री श्री चन्द्रशेखर साहू एवं आरंग विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्री नवीन मारकण्डे ने सहकारिता के स्टाल का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। श्री नवीन मारकण्डे द्वारा संघ द्वारा प्रकाशित सहकारी समाचार पाक्षिक की सराहना कर, सहकारी समाचार पत्र को राज्य के विभिन्न सहकारी समितियों तक पहुंच सुनिश्चित कराने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए।
6. **हमर छत्तीसगढ़ योजनाः—** हमर छत्तीसगढ़ योजना में सहकारी संस्थाओं/ समितियों के पदाधिकारियों को सहकारिता से संबंधित जानकारी संघ द्वारा दिया गया। इस योजना में कार्यक्रम का संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग, प्रचार—प्रसार सामाग्री यथा ब्रोसर, पाप्पलेट्स, फ्लेक्स—बेनर आदि के माध्यम से सहकारी पदाधिकारियों को अवगत कराकर, नवीन सहकारी एवं सहकारिता से संबंधित योजनाओं, संशोधित अधिनियम/नियमों एवं नवीन प्रावधानों के बारे में जानकारी संघ द्वारा दिया गया।

7. **'बोनस तिहार' पर सहकारिता का प्रचार—प्रसार'' :—** माह अक्टूबर 2017 में छ.ग. शासन द्वारा 3 लाख से अधिक किसानों को खरीफ वर्ष 2016—17 के धान खरीदी पर बोनस वितरण हेतु बोनस तिहार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्या., रायपुर द्वारा भी सहकारिता विभाग के स्टॉल पर विभागीय योजनाओं एवं राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित बैनर, पोस्टर एवं फ्लैक्स लगाकर प्रचार—प्रसार किया गया।
8. **गंणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर सहकारिता विभाग की झाँकी का प्रदर्शनः—** गंणतंत्र दिवस के अवसर पर सहकारिता विभाग की झाँकी का प्रदर्शन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ रायपुर के द्वारा एवं अन्य सहकारी संस्थाओं के सहयोग से शासन की योजनओं एवं सहकारिता से संबंधित अलग—अलग थीम पर झांकी तैयार

की जाती है। उक्त झाकी का प्रदर्शन पुलिस परेड ग्राऊण्ड में आयोजित गंणतत्र दिवस समारोह अवसर पर किया जाता है जिसमें उपस्थित जन समुदाय, छात्र/छात्राओं द्वारा सराहना की जाती रही है। यह झांकी संघ द्वारा सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार सहयोग एवं समन्वय कर तैयार किया जाता है।

## राष्ट्रीय कृषि मेला :–

1. छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2015 में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला दिनांक 26.12.2015 से 28.12.2015 तक आयोजित किया गया था। उक्त मेला में सहकारिता विभाग के स्टाल डोम में सहकारिता विभाग, सहकारी बैंकों एवं छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर एवं शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियों का फ्लेक्स, फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर तैयार कर तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार के माध्यम से उपस्थित कृषक सदस्यों, कृषको एवं आमजन को जानकारी देकर सहकारिता का प्रचार–प्रसार किया गया।
2. कृषि विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2016–17 में भी तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला में सहकारिता विभाग के स्टाल डोम में सहकारिता विभाग, सहकारी बैंकों एवं छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर एवं शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियों का फ्लेक्स, फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर तैयार कर तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार के माध्यम से उपस्थित कृषक सदस्यों, कृषको एवं आमजन को जानकारी देकर सहकारिता का प्रचार–प्रसार किया गया।

## 1. अन्य :–

1. **अंर्तराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2012 :–** वर्ष 2012 में अंर्तराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2012 को अर्न्तराष्ट्रीय सहकारी वर्ष घोषित किया गया था। इस अवसर पर संघ द्वारा छ.ग. शासन के विभिन्न महाविद्यालय/विद्यालयों में सहकारी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संघ द्वारा छात्र/छात्राओं को कार्यशाला के माध्यम से सहकारिता से अवगत कराकर सहकारी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया गया साथ ही नवीन सहकारी समिति बनाने हेतु फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर तैयार कर जानकारी दी गई।
2. **सहकारिता में युवा क्रांति :– यु**वाओं को सहकारिता से जोड़ने एवं उनकी भागीदारी के लिए ''स्वामी विवेकानंद जी के 150 वीं वर्षगांठ'' पर एक दिवसीय सहकारी कार्यशाला का आयोजन विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में किया गया। जिसका विषय ''सहकारिता में युवा क्रांति'' था। इस आयोजन के द्वारा युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया गया तथा सहकारी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण

दिया गया साथ ही नवीन सहकारी समिति बनाने हेतु फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर तैयार कर जानकारी दी गई।

3. **महिला सशक्तिकरण पर प्रशिक्षण :–** संघ द्वारा महिलाओं एवं गृहणियों को सहकारिता से जोड़ने एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न स्वसहायता समूहों को एकत्रित कर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर स्वसहायता समूहो के सशक्तिकरण एवं महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर वितरित किया गया।
4. **सहकारी सप्ताह का आयोजन :–** ''अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर जिला सहकारी संघों को पूर्ण सहयोग देकर सात दिवसीय सहकारी सप्ताह 14 से 20 नवंबर मनाया जाता है। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा अलग–अलग दिवसों हेतु थीम निर्धारित किया जाता है। विगत वर्ष बालोद जिला सहकारी सहकारी बालोद द्वारा आयोजित सहकारी सप्ताह कार्यक्रम में जिले के तत्कालिन जिलाधीश महोदय श्री राजेश सिंह राणा द्वारा निरीक्षण कर कार्यक्रम की सराहना की गई एवं भविष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में प्रशासन द्वारा यथासंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया था।
5. **नवीन दुग्ध सहकारी समितियों के गठन हेतु शिक्षण–प्रशिक्षण :–** छ.ग. में संभावित दुग्ध सहकारी समितियों के गठन के लिए जिला सहकारी संघ बालोद आयोजित शिक्षण–प्रशिक्षण कार्यक्रम में संघ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान कर नवीन दुग्ध सहकारी समितियों के गठन हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिसके फलस्वरूप बालोद जिले में 27 नवीन दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का पंजीयन संभव हो पाया। समितियों के गठन उपरांत जिला स्तरीय शिविर दिनांक 16.04.2017 को आयोजित कर 69 सहकारी समितियों को सहकारिता, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, विपणन व आर्थिक प्रबंधन पर विषय विशेषज्ञ उपलब्ध कराकर संघ द्वारा बालोद जिला सहकारी संघ मर्या, बालोद को सहयोग प्रदान किया गया।
6. **बैंकों के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए कौशल विकास पर प्रशिक्षण का आयोजन :–** तात्कालीन छ.ग. राज्य सहकारी ग्रामीण विकास बैंक एवं जिला सहकारी ग्रामीण विकास बैंक का अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में संविलियन होने पर ग्रामीण विकास बैंक के अधिकारी/कर्मचारियों के कौशल विकास पर प्रशिक्षण का दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में संघ द्वारा नाबार्ड, सहकारिता विभाग, अपेक्स बैंक आदि से तकनीकी विषय विशेषज्ञ उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण दिया गया।
7. **नवीन सहकारी समितियों के गठन हेतु मार्गदर्शन :–** छ.ग. राज्य सहकारी संघ द्वारा नवीन सहकारी समितियों के गठन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाता है तथा समिति के पंजीयन हेतु पंजीयन प्रपत्र, आदर्श

उपविधि उपलब्ध कराया जाता है। उक्त फलस्वरूप निम्नलिखित समितियों का गठन संभव हो पायाः–

1. बालोद जिला सहकारी संघ मर्या. बालोद
2. किसान मितान बहुउद्देशीय सहकारी समिति
3. संत कबीर सहकारी साख समिति
4. किसान समृद्धि बहुउद्देशीय सहकारी समिति
5. अरकी विपणन सहकारी समिति

- **<u>शोध एवं ग्रंथालय :–</u>** संघ मुख्यालय एवं सहकारी प्रशिक्षण केंद्र में ग्रंथालय संचालित है। यहाँ पर शोधार्थी छात्रों को सहकारिता के सन्दर्भ ग्रन्थ उपलब्ध कराकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाता है साथ ही विभिन्न सहकारी संस्थाओं के सम्बन्ध में भी शोध का कार्य संघ द्वारा किया जाता है।

- **<u>सम्मेलन :–</u>** राज्य संघ की उपविधि अनुसार संघ प्रत्येक तीन वर्ष में 1 बार राज्य स्तरीय सहकारी सम्मलेन आयोजित करता हैं। जिसमे प्रदेश की समस्त राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियो प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता है। इसमें सहकारिता के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर सहकारिता से संबंधित जानकारी दी जाती है व सम्मेलन का प्रतिवेदन शासन को भेजा जाता है।

## 1-राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलनों का आयोजन :–

### 1. राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन (विषय : सहकारिता से कृषि विकास संदर्भ : छत्तीसगढ़)

वर्ष 2011 – दिनांक 10 दिसंबर 2011

स्थान–इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

मुख्य अतिथि मान. राज्यपाल श्री शेखर दत्त

अध्यक्षता मान. श्री ननकी राम कंवर मंत्री–गृह, जेल एवं सहकारिता छ.ग. शासन, रायपुर

विशिष्ट अतिथि मान. श्री चंद्रशेखर साहू, मंत्री कृषि छ.ग. शासन,

मान. श्री चन्दूलाल साहू, सांसद, महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र

मान. घनश्याम भाई अमीन, उपाध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली

मान. श्री प्रकाश लोन्हारे, अध्यक्ष, राष्ट्रीय मत्स्यजीवी सहकारी संघ नई दिल्ली

**2. राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन ( मध्य क्षेत्र सहकारी सम्मेलन तकनीकी विषय सहकारी उद्यम के समक्ष अवसर एवं चुनौतियां )**

वर्ष 2011 – दिनांक 11 दिसंबर 2011

स्थान–इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

मुख्य अतिथि मान. डॉ. चरणदास मंहत, भारतीय कृषि खाद्य प्रसंस्करण मंत्री, भारत सरकार

अध्यक्षता श्री मान. डॉ. चन्द्रपाल सिंह यादव, अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली

विशिष्ट अतिथि मान. श्री व्ही.के. शर्मा, कार्यकारी निर्देशक, भारतीय रिजर्व बैंक आफ इंडिया, मुम्बई

मान. श्री एस.के. जायसवाल, पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़

**3. राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन (विषय ''ग्रामीण क्षेत्र में श्रमिक उत्थान : दशा एवं दिशा ''अर्न्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर'')**

वर्ष 2012 – दिनांक 1 मई 2012

स्थान–इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, रायपुर

मुख्य अतिथि मान. श्री सुरेश प्रभु जी केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार

अध्यक्षता मान .श्री चंद्रशेखर साहू, मंत्री कृषि एवं श्रम मंत्री छ.ग. शासन,

विशिष्ट अतिथि मान. श्री संतोष गंगवार केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार

मान. श्री ननकी राम जी कंवर सहकारिता मंत्री छ.ग. शासन

मान. श्री गौरीशंकर बिसेन सहकारिता मंत्री जी, म.प्र शासन

श्री श्याम बैस, अध्यक्ष बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर

**4. राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन (विषय ''मेक इन इंडिया'' में सहकारिता की भूमिका संदर्भ समग्र ग्रामीण विकास)**

वर्ष 2015 –16 –दिनांक 15, 16 एवं 17 मार्च 2016

स्थान–इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

मुख्य अतिथि मान. श्री मोहन भाई कुण्डारिया, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भारत सरकार

अध्यक्षता मान. श्री श्याम जाजू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा,

विशिष्ट अतिथि मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री छ.ग.शासन मान. श्री दयालदास बघेल, सहकारिता मंत्री छ.ग. शासन, रायपुर

## 2-राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलनों का आयोजन :–

1. **अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के 100 वें वर्ष पर सहकारी सम्मेलन का आयोजन**

   वर्ष 2005 – दिनांक 14 नवम्बर 2005
   स्थान–मेडिकल कालेज रायपुर
   मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, छ.ग. शासन, रायपुर
   अध्यक्षता मान. श्री रामविचार नेताम गृह, जेल एवं सहकारिता मंत्री छ.ग. शासन, रायपुर

2. **प्रांतीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन**

   वर्ष 2008 – दिनांक 07 सितम्बर 2008
   स्थान कमला कालेज मैदान बसंतपुर मार्ग, राजनांदगांव
   मुख्य अतिथि माननीय डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, रायपुर
   अध्यक्षता श्री रामविचार नेताम गृह, जेल एवं सहकारिता मंत्री छ.ग. शासन, रायपुर
   विशिष्ट अतिथि मान. धनंजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय सहकारी सह–संयोजक सहकारिता प्रकोष्ट

3. **राज्य स्तरीय सहकारी प्रशिक्षण सह सम्मेलन का आयोजन (नवनिर्वाचित सहकारी पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सह सम्मेलन)**

   वर्ष 2017 –18 –दिनांक 23 सितम्बर 2017
   स्थान– सरदार बलबीर सिंह जुनेजा, इंडोर स्टेडियम बुढ़ातालाब रायपुर
   मुख्य अतिथि माननीय डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन,
   अध्यक्षता मान. श्री दयालदास बघेल, सहकारिता मंत्री छ. ग. शासन,
   विशिष्ट अतिथि मान. श्रीमती रमशीला साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री छ. ग. शासन
   मान. श्री पुन्नुलाल मोहले जी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छ.ग. शासन
   मान. श्री राम सेवक पैकरा जी गृह जेल मंत्री छ.ग. शासन

## 3-जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलनों का आयोजन :–

1. **जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन जिला दुर्ग**

   (विषय प्रदेश में नागरिक सहकारी बैंकों की स्थिति एवं विकास की संभावनाएं एवं जायद/नगदी फसलों से कृषकों का आर्थिक विकास)

वर्ष 2014 – दिनांक 19/02/2014
स्थान : ननकठी जिला दुर्ग
मुख्य अतिथि :श्री कमल नारायण रूंगटा जी अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग
अध्यक्षता श्री लखन लाल साहू, अध्यक्ष/सदस्य भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली
विशेष अतिथि श्री रामकृष्ण साहू अध्यक्ष पैक्स उतई,
श्रीमति अर्चना चौहान, संचालक नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग

2. **<u>जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन जिला महासमुन्द</u>**
**(विषय राज्य की सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने में**
महिलाओं की सशक्त भागीदारी, सहकारी ऋणों की वसूली में धान उपार्जन एक सशक्त माध्यम एवं महासमुंद जिले में दलहन/तिलहन फसलों की उत्पादन की संभावनाएं)
वर्ष 2014 – दिनांक 21/02/2014
स्थान : गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, स्टेशन रोड, महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ.ग.)
मुख्य अतिथि : श्री पुनम चन्द्राकर, भूतपूर्व राज्य मंत्री
अध्यक्षता : श्री लखन लाल साहू अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी संघ/सदस्य भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली
विशेष अतिथि : श्री कुलवंत चावला, अध्यक्ष जिला सहकारी संघ महासमुन्द
श्रीमति किरण ढ़ीही, उपाध्यक्षा नगर पालिका महासमुन्द
श्रीमति मीना वर्मा, पार्षद नगरपालिका महासमुन्द

3. **<u>जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन जिला बेमेतरा</u>**
**(विषय जायद/नगदी फसलों से कृषकों का आर्थिक विकास एवं गन्ना उत्पादन से कृषको में आर्थिक खुशहाली)**
वर्ष 2014 – दिनांक 23/02/2017
स्थान : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, शाखा बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.)
मुख्य अतिथिः श्री प्रीतपाल बेलचंदन जी भूतपूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग
अध्यक्षता : श्री लखन लाल साहू अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी संघ/सदस्य भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली
विशेष अतिथि : श्रीमति ललिता साहू, भूतपूर्व संचालक

मार्केटिंग बेमेतरा
श्री आर.एस. कश्यप, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., शाखा बेमेतरा
श्री हर्षवर्धन तिवारी भूतपूर्व संचालक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग

**4. <u>जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन जिला राजनांदगांव</u>**
**(विषय गन्ना उत्पादन स कृषको में आर्थिक खुशहाली एवं कृषि ऋण में सहकारी संस्थाओं का योगदान)**

वर्ष 2014 – दिनांक 25/02/2014
स्थान : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजनांदगांव
मुख्य अतिथि : श्री अशोक चौधरी, किसान नेता एवं संचालक, सेवा सहकारी समिति तुमड़ीबोड़ सदस्य भारतीय श्रम सहकारी समिति, नई दिल्ली
अध्यक्षता : श्री लखन लाल साहू अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी संघ/सदस्य भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली
विशेष अतिथि : श्री पी. एस. लोन्हारे, पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ मर्यादित, राजनांदगांव, श्री महेश साहू, मानसेवी सदस्य, छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्या. रायपुर एवं श्री अलख चन्द्राकर

**5. <u>जिला स्तरीय सहकारी सम्मेलन जिला बालोद</u>**
**(विषय जायद/नगदी फसलों से कृषकों का आर्थिक विकास एवं गन्ना उत्पादन से कृषको में आर्थिक खुशहाली)**

वर्ष 2014 – दिनांक 28/02/2017
स्थान : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, शाखा बालोद जिला बालोद (छ.ग.)
मुख्य अतिथि : श्री मोहन लाल पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष भूमि विकास बैंक
अध्यक्षता : श्री लखन लाल साहू अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी संघ/सदस्य भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली
विशेष अतिथि : श्री पुरुषोत्तम पटेल अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति करहीभदर, श्री चैत सिंह तारम, सेवा सहकारी समिति, करहीभदर एवं श्री हरदेल प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग शाखा बालोद